21 दिसम्बर 2012

जिला प्रशासन का गांव सौंगल, (खण्ड राजौन्द) में रात्रि ठहराव कार्यक्रम।

उपलब्धियां

1. इंदिरा प्रिय दर्शनी विवाह शगुन योजना के तहत 22 लाभार्थियों को 7 लाख 13 हजार रूपए के चैक प्रदान किए गए।

2. उपमंडलाधीश कार्यालय द्वारा 40 लर्नर ड्राइविंग लाईसैंस बनाए गए।

3. खाद्य आपूर्ति विभाग द्वारा 30 नए राशन कार्ड बनाए गए।

4. जिला प्रशासन के जल संरक्षण कार्यक्रम के तहत चलाए जा रहे मुहिम के अन्तर्गत सौंगल के रात्रि ठहराव कार्यक्रम के दौरान सौंगल गांव के 812, हरसौला के 298 तथा नंदकरण माजरा के 324 पानी के कनैक्शन जारी किए गए।

5. स्वास्थ्य विभाग द्वारा दिनभर लगाए गए स्वास्थ्य शिविर में तैनात चिकित्सों द्वारा 675 लोगों का उपचार किया गया, जिनमें से 636 सामान्य ओपीडी तथा 39 व्यक्तियों के दातों की जांच की गई। इसके अतिरिक्त 24 व्यक्तियों की ब्लड शुगर, 65 व्यक्तियों का एचआईवी तथा 62 व्यक्तियों का हिमोग्लोबीन टैस्ट किया गया।

6. प्रत्येक रात्रि ठहराव में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित कर रहे ओमप्रकाश जिंदल ग्रामीण जनकल्याण संस्थान द्वारा 170 से अधिक लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें दवाईयां वितरित की गई।

7. आयुष विभाग द्वारा 602 व्यक्तियों को स्वास्थ्य जांच के उपरान्त दवाईयां दी गई।

8. उपायुक्त ने उप निदेशक पशुपालन विभाग को गांव के पशु अस्पताल के जर्जर भवन को ठीक करवाने के निर्देश किए गए तथा पशु संरक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत शिविर लगाया गया जिसमें 562 मवेशियों का उपचार किया गया तथा उन्हें विभिन्न बिमारियों से बचाव हेतू दवाईयां भी दी गई।

9. उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम ने 135 कुंडी कनैक्शनों को नियमित किया। जिससे विभाग को तीन लाख 37 हजार रूपए की आमदनी हुई है।

10. तहसील कार्यालय द्वारा 18 जाति एवं रिहायशी प्रमाण–पत्र जारी किए गए व 9 इन्तकालों का निपटान मौके पर किया गया।

11. उपायुक्त ने गांव में राजीव गांधी सेवा केन्द्र के निमार्ण की घोषणा तथा पार्क विसित करने के लिए मिटटी के भरत के लिए भी 10 लाख रूपए की भी मंजूरी दी गई।

12. गांव की विभिन्न चार गलियों के निमार्ण के लिए 15 लाख रूपए के साथ–साथ शमशान घाट की चार दीवारी के निमार्ण के लिए 7 लाख रूपए, नाले के निमार्ण के लिए आठ लाख रूपए, पिछड़ा वर्ग जाति के चौपाल की मुरम्मत का भी एस्टिमेट तैयार करवाने के दिशा–निर्देश दिए।

13. गांव में पीने के पानी की सप्लाई के लिए 18 हजार फुट पाईप लाईन डाली गई है तथा सर्वे के आधार पर आवश्यक पाईप लाईन भी डालने के निर्देश दिए गए।

14. उपायुक्त ने दुर्घटना में विकलांग हुए सौंगल निवासी जगबीर पुत्र चांदी राम का ईलाज प्रशासन द्वारा करवाने तथा ओपी जिंदल ग्रासमीण जन कल्याण संस्थान की तरफ से तिपहिया साईकिल उपलब्ध करवाने को कहा।

15. उपायुक्त ने गुहणा निवासी व भारतीय वायुसेना में फलाईंग आफिसर के पद पर नियुक्त प्रिया चहल को सम्मानित किया।

16. कमलेश पत्नी अजमेर व कमलेश पत्नी सतबीर को शादी के पश्चात शिक्षा पूर्ण करके उदाहरण प्रस्तुत करने के लिए सम्मानित किया।

17. उपायुक्त ने जिला में सौगल गांव से स्वास्थ्य विभाग द्वारा शुरू किए गए पेंटावेलेंट टीके की शुरूआत की। इस टीके से बच्चों में होने वाली पांच बिमारियों की रोकथाम की जा सकेगी।